
**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. संजय कुमार बने कृषि वैज्ञानिक चयन मण्डल के अध्यक्ष

पंतनगर। 01 अगस्त 2023। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के कृषि वैज्ञानिक चयन मण्डल के अध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. संजय कुमार ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने मास्टर एवं पी.एचडी. की डिग्री क्रमशः पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि शोध संस्थान, नई दिल्ली से प्राप्त की। 1990 में सीएसआईआर–आईएचबीटी में वैज्ञानिक–बी के रूप में; टैक्सास टैक यूनिवर्सिटी (यूएसए); रोथम स्टेट रिसर्च (यूके); कैनसस स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) में पोस्ट–डाक्टरल प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनके प्रमुख योगदानों में एक नवीन कार्बन फिक्शेसन पाथवे की खोज और एक हैटेरोलोगश प्रणाली में इसका पत्यारोण शामिल है, जिससे फोटोरेस्पिरेटरी क्षति को कम किया जा सके, जिससे प्रकाश संश्लेषण लाभ और उपज में वृद्धि हो सके। अधिक ऊंचाई वाले पौधों से आटोक्लेवेवल सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज के लक्षण वर्णन एवं संशोधन की खोज की। उन्होंने 25 एम.एससी. /पी.एचडी. विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया, उनके पास कई अन्तर्राष्ट्रीय पेटेंट हैं और 150 से अधिक शोध/समीक्षा लेख, पुस्तक अध्याय, संपादित पुस्तक आदि शामिल हैं। वह नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज व क्रॉप इम्प्रूवमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया के फेलो हैं। वे कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिष्ठित वीएएसवीआईके इन्डस्ट्रीयल रिसर्च अवार्ड 2013, आर.डी. अशाना इण्डोमेन्ट लेक्चर अवार्ड, प्रोफेसर जी.वी. जोशी मेमोरियल लेक्चर अवार्ड; तेल उद्योग में योगदान के लिए अल्ट्रा इन्टरनैशनल टीम अवार्ड, सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट इन सीएसआईआर लिडरशिप प्रोग्राम एवं भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किये गये है। वे 11 जून 2015 को सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर के निदेशक के रूप में विज्ञान की विभिन्न विधाओं में योगदान कर रहे थे। निदेशक के रूप में किसानों को सशक्त बनाने के लिए देश में हींग और मोंक फल की सफल खरीद की शुरूआत की और गैर–पारंपरिक क्षेत्रों में केसर और सेब के खेती की भी शुरूआत की। डा. कुमार ने विभिन्न एजेंसियों से वित्तीय संसाधन जुटाकर और संबंधित राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विभाग/एजेंसी/संस्थानों के साथ जुड़कर कार्य किया। डा. जे.पी. जायसवाल, सचिव एवं प्रमुख समन्वयक, 4ए ने बताया कि डा. कुमार को विश्वविद्यालय की एल्युमिनाई एसोसिएसन 'एलुमनी अल्मामेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन **(4ए)'** पंतनगर द्वारा वर्ष 2020 में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के आउटस्टेंडिंग एल्युमिनस अवार्ड से सम्मानित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं 4ए के अध्यक्ष डा. मनमोहन सिंह चौहान ने डा. कुमार के भारत वर्ष के इस प्रतिष्ठित संस्थान के अध्यक्ष के रूप में चयन को पन्तनगर विश्वविद्यालय के लिए एक गौरव की बात बतायी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।



***डा. संजय कुमार।***

प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## विश्वविद्यालय में विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 01 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के प्रारम्भ होने पर नवागुंतक विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के स्वर्णिम गरिमायी इतिहास तथा परंपरा से परिचित कराने हेतु विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम एस.आई.पी. का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नियंत्रक डा. पंकज शुक्ला मुख्य अतिथि तथा श्री प्रबोध खेर, ब्रिटेनिया इन्ड्रस्टीज लिमिटेड, पंतनगर के संयंत्र प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने तथा विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय गान प्रस्तुति के साथ हुआ। अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने अपने स्वागत अभिभाषण का आरम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा नवागुंतक विद्यार्थियों हेतु भेजे गये शुभाशीष के साथ किया। डा. जादौन ने नवागुंतक विद्यार्थियों को महाविद्यालय की परम्परा एवं महाविद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि डा. पंकज शुक्ला ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा प्रबंधन में आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन तथा वित्तीय प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि श्री प्रबोध खेर ने मानव संसाधान प्रबंधन के विषय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को क्या महत्वपूर्ण है और क्या तात्कालिक है के बीच में अन्तर को समझते हुए समय प्रबंधन के साथ कुशलतापूर्वक कार्य करने हेतु उनका आह्वाहन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. आशुतोष सिंह, डा. मुकेश पाण्डेय एवं डा. सौरभ सिंह ने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह; अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह; निदेशक प्रसार एवं संचार डा. जे.पी. जायसवाल; पुस्तकालयाध्यक्ष डा. नीना सिंह आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संयोजक एवं क्रियानवयन में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने अतिउत्साह के साथ प्रतिभागिता की। महाविद्यालय द्वारा यह सात दिवसीय विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम आने वाले दिवसों में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं अनुसंधान केन्द्रों से भी परिचित करायेगा। कार्यक्रम के अन्त में डा. स्नेहा दोहरे, सहायक प्राध्यापक द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



*दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते नियंत्रक डा. पंकज शुक्ला।*

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

### <u>विश्वविद्यालय में पांच विभागाध्यक्षों को मिला अतिरिक्त दायित्व</u>

पंतनगर। 01 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में पांच विभागों क्रमशः आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, पादप रोग विभाग, मृदा विभाग विभाग, उद्यान विज्ञान विभाग एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्षों के सेवानिवृत्ति के उपरान्त अपरमुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा प्राध्यापक डा. जे.पी. जायसवाल को आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष; प्राध्यापक डा. योगेन्द्र सिंह, पादप रोग विभाग के विभागाध्यक्ष; प्राध्यापक डा. नवनीत पारिक, मृदा विभाग विभाग के विभागाध्यक्ष; प्राध्यापक डा. वी.के. राव, उद्यान विज्ञान विभाग एवं प्राध्यापक डा. रवि किरन, कृषि मौसम विज्ञान विभाग को विभागाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को शुभकामनाएं दी गयी।

**निदेशक संचार**